# Class - X
## Important Questions -Hindi
### महत्वपूर्ण प्रश्न (इकाई 1, 2, 3)

1. हालदार साहब जब पहली बार कस्बे से गुज़रे तो उनके चेहरे पर कौतुक भरी मुसकान क्यों फैल गई ?
2. चश्मेवाले की दीन–हीन दशा का चित्रण कीजिए।
3. गोपियाँ योग संदेश को कैसे लोगों के लिए उपयुक्त मानती हैं ?
4. बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी ?
5. धान की रोपाई के समय समूचे माहौल को भगत की स्वर लहरियाँ किस तरह चमत्कृत कर देती थीं ? उस माहौल का शब्द–चित्र प्रस्तुत कीजिए।
6. तिवारी जी ने बैजू और भोलानाथ को गुरू जी से क्यों पिटवाया ?
7. माँ भोलानाथ को कन्हैया किस प्रकार बनाती थीं ?
8. बाबूजी भोलानाथ को खाना खिलाते थे, फिर भी माँ को संतुष्टि क्यों नहीं होती थी ?
9. चश्मेवाले की दीन–हीन दशा का चित्रण कीजिए।
10. मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा क्या उम्मीद जगाता है ?
11. गोपियों को कृष्ण में ऐसे कौन से परिवर्तन दिखाई दिए जिनके कारण वे अपना मन वापस पा लेने की बात कहती हैं ?
12. नगरपालिका कस्बे में क्या–क्या काम करवाती थी ?
13. नेताजी की मूर्ति लगाने के कार्य को सफल एवं सराहनीय प्रयास क्यों कहा गया है ? दो कारण बताइए।
14. 'बालगोबिन भगत विचारों से आधुनिक थे।' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
15. प्रभाती किसे कहते हैं? बालगोबिन भगत कब से कब तक प्रभतियाँ गाया करते थे ?
16. बालगोबिन भगत गृहस्थ होते हुए भी भगत क्यों कहलाते थे ?
17. गोपियों के अनुसार पहले के लोगों की क्या विशेषता थी ?
18. गोपियों ने श्री कृष्ण की बढ़ी बुद्धि पर किस तरह प्रहार किया था ?
19. श्री कृष्ण को 'हारिल की लकड़ी' कहने से गोपियों का क्या आशय था ?
20. उद्धव ने गोपियों की मनःस्थिति को समझने का प्रयास क्यों नहीं किया ?
21. गोपियों ने श्रीकृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को किस तरह व्यक्त किया है ?
22. गोपियों ने योग की शिक्षा को किसके समान बताया है और क्यों ?
23. लक्ष्मण ने संतोष न होने की बात किससे कही और क्यों? पाठ के आधार पर लिखिए।
24. परशुराम के गुरु कौन थे? वे अपने गुरु के किस ऋण से उऋण होना चाहते थे ?
25. लक्ष्मण को वध योग्य बताने के लिए परशुराम ने क्या–क्या तर्क दिए ?
26. परशुराम के क्रोध का मूल कारण क्या था ? स्पष्ट कीजिए।
27. तुलसीदास जी के अनुसार परशुराम ने किसकी तुलना सहस्रबाहु से की थी और क्यों ?
28. 'माता का आँचल' पाठ में भोलानाथ साँप से डरकर पिता के पास न जाकर माता के आँचल में छिपता है। संतान व माँ का यह लगाव प्राकृतिक मूल्य है, किंतु आज नई पीढ़ी में यह मूल्य लुप्त होता जा रहा है। आपके विचार में ऐसे और कौन–कौन से मूल्य हैं जो अब लुप्त होते जा रहे हैं ? इसका समाज पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।
29. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या विशेषताएँ बताई हैं?
30. परशुराम के क्रोध करने पर राम और लक्ष्मण की जो प्रतिक्रियाएँ हुईं उनके आधार पर दोनों के स्वभाव की विशेषताएँ लिखिए।
31. परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष टूट जाने के कौन कौन से तर्क दिए?
32. राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद के आधार पर तुलसी की भाषा के सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए।
33. बालगोबिन भगत प्रतिवर्ष गंगा–स्नान करने क्यों जाते थे ? पाठ के आधार पर लिखिए।
34. 'प्रेम और मोह' में अंतर होता है। बालगोबिन भगत के जीवन की किस घटना के आधार पर आप इस कथन को कैसे सच सिद्ध करेंगे।